# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (31.03.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:31.03.2025, PAGE-08**

# 'सांस्कृतिक विरासत ही हमारी पहचान'

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में रविवार को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 धूमधाम से मनाया गया। पूरे विवि परिसर को रोशनी से सजाया गया। कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय ने कहा कि आज के आधुनिक युग में, जब हम तेजी से पश्चिमी संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं, यह आवश्यक है कि हम अपनी जड़ों को न भूलें। हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है। इसे संरक्षित व बढ़ावा देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चैत्र प्रतिपदा हमें हमारी समृद्ध परंपराओं और मूल्यों की याद दिलाता है। यह दिन हमें अपने पूर्वजों के ज्ञान और परंपराओं को याद रखने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का अवसर देता है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी आनेवाली पीढ़ियां भी हमारी सांस्कृतिक विरासत को समझें और उसका सम्मान करें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी संस्कृति को जीवित रखें और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। कुलपति ने चैत्र नवरात्रि की भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नौ दिवसीय पर्व माँ दुर्गा को समर्पित है, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।



हिंदू नववर्ष पर रविवार को रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगाता विश्वविद्यालय परिसर।

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 31.03.2025, PAGE-08

### यूजीसी ने इसी सत्र से सभी विश्वविद्यालयों को पढ़ाई शुरू करने का दिया निर्देश

# इंडियन नॉलेज सिस्टम के केंद्र से जुड़ेगा बिहार विश्वविद्यालय

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू इंडियन नॉलेज सिस्टम केंद्र से जुड़ेगा। यूजीसी ने बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों को इसका निर्देश दिया है। यूजीसी ने सभी केंद्रों की सूची भी जारी कर दी है। यूजीसी ने इसी सत्र से सभी विश्वविद्यालयों को अपने यहां इंडियन नॉलेज सिस्टम के तहत पढ़ाई शुरू करने का निर्देश दिया है। यूजीसी के निर्देश के बाद बीआरएबीयू भी इस तैयारी में जुट गया है।

बिहार विवि में इंडियन नॉलेज सिस्टम का सेल बनाया जायेगा। इस सेल के तहत छात्रों को भारतीय ज्ञान परंपरा, वैदिक गणित, योग, प्राचीन संस्कृत के ग्रंथों, इतिहास आदि के बारे में बताया जायेगा। यूजीसी ने कहा है कि विवि पीजी के साथ स्नातक में भी भारतीय ज्ञान परंपरा की पढ़ाई छात्रों को कराएं। भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए बिहार विवि में एक लाइब्रेरी भी खोली जायेगी। बिहार विवि में सेंट्रल लाइब्रेरी से अलग यह लाइब्रेरी होगी। इसमें योग, वैदिक गणित और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी अन्य विषयों की किताबें रहेंगी।

- पीजी के साथ स्नातक में भी भारतीय ज्ञान परंपरा की पढ़ाई छात्रों को कराएं
- वैदिक गणित, योग, प्राचीन संस्कृत के ग्रंथों के बारे में बताया जायेगा
- बीआरएबीयू में भी बनेगा इंडियन नॉलेज सिस्टम सेल



### एक लाइब्रेरी भी खुलेगी

भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत खुलने वाली लाइब्रेरी में शुरुआत में बिहार विवि के रिटायर प्रोफेसरों से किताबें मांग कर रखी जाएंगी। इसके बाद इस लाइब्रेरी में किताबें खरीदने की शुरुआत होगी। भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत बिहार विवि बौद्ध और तिब्बती साहित्य का भी अनुवाद कराएगा।

## प्रो. संगीता रानी होम साइंस की अध्यक्ष बनीं

मुजफ्फरपुर। बिहार विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर होम साइंस विभाग की अध्यक्ष प्रो. संगीत रानी को बनाया गया है। रविवार को विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई। प्रो. कुसुम कुमारी का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रो. संगीता को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। प्रो. संगीता सोशल साइंस की डीन भी हैं। वह एक अप्रैल को अपना कार्यभार संभालने के बाद जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी।

## प्रो. सरोज वर्मा बने दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष



मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के दर्शनशास्त्र विभाग का नया अध्यक्ष प्रो. सरोज कुमार वर्मा को बनाया गया है। निवर्तमान अध्यक्ष प्रो. लक्ष्मी कुमारी साह का कार्यकाल पूरा हो जाने के कारण प्रो. सरोज को नियुक्त किया गया है। विवि प्रशासन ने इसकी अधिसूचना रविवार शाम जारी की। प्रो. लक्ष्मी का कार्यकाल 31 मार्च को पूरा हो रहा है।

**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 31.03.2025, PAGE-04


# परीक्षा से एक दिन पहले मिलेगा छात्रों को मिलेगा एडमिट कार्ड

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड मिलेगा। सोमवार और मंगलवार को विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों में छुट्टी है। बुधवार को ही कालेज खुलेंगे। दूसरी ओर थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही है। ऐसे में परीक्षा से एक दिन पहले ही विद्यार्थी नामांकित संस्थानों में पहुंचकर अपना एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। छात्र-छात्राओं को इस बात का डर सता रहा है कि अगर विश्वविद्यालय की ओर से जारी एडमिट कार्ड में किसी प्रकार की त्रुटि होगी तो इसका सुधार आखिरी समय में कैसे होगा।

पूर्व में जारी एडमिट कार्ड में भी कई गड़बड़ी सामने आ चुकी है। ऐसे में आनन-फानन में एडमिट कार्ड की त्रुटि को सुधार कराया जाएगा। यह भी संभव है कि एडमिट कार्ड की गड़बड़ी के साथ ही विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हों। दूसरी ओर शनिवार की देर रात विश्वविद्यालय की ओर से थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किया गया है। रविवार को छुट्टी के कारण कालेजों ने इसे डाउनलोड कर प्रिंट नहीं कराया है। बुधवार को कालेज एडमिट कार्ड को प्रिंट कराते हुए इस पर संबंधित प्राचार्य की मुहर के साथ ही विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

**बुधवार को खुलेंगे कालेज, छात्रों को डर, अगर आखिरी समय पर एडमिट कार्ड में त्रुटि हुई तो सुधार कैसे हो पाएगा**

छात्रों ने कहा कि देरी से एडमिट कार्ड जारी करने के कारण यह समस्या उत्पनन्न हो रही है। अंतिम समय तक केंद्रों का निर्धारण को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई और सोमवार तक परीक्षा फार्म भरा जा रहा है। स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में लगभग 1.10 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 31.03.2025, PAGE-04

# परीक्षा शुरू होने से एक दिन पूर्व एडमिट कार्ड

## स्नातक थर्ड सेमेस्टर

**मुजफ्फरपुर.** स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड मिलेगा. सोमवार व मंगलवार को विवि के सभी अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों में छुट्टी है. बुधवार को ही कॉलेज खुलेंगे. दूसरी ओर थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही है. ऐसे में परीक्षा से एक दिन पहले ही विद्यार्थी नामांकित संस्थानों में पहुंचकर अपना एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे.

दूसरी ओर शनिवार की देर रात विश्वविद्यालय की ओर से थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किया गया है. रविवार को छुट्टी के कारण कॉलेजों ने इसे डाउनलोड कर प्रिंट नहीं कराया है. बुधवार को कॉलेज एडमिट कार्ड को प्रिंट कराते हुए इस पर संबंधित प्राचार्य की मुहर के साथ ही विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 31.03.2025, PAGE-04

## नववर्ष की शुरुआत पर जगमगाया बीआरएबीयू



**मुजफ्फरपुर**.बीआरएबीयू में हिंदू नववर्ष मनाया गया. इस अवसर पर विवि परिसर को रोशनी से सजाया गया. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने नये साल की शुभकामनाएं दीं. वर्तमान में सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर कहा कि आज के इस आधुनिक युग में, जब हम तेजी से पश्चिमी संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं, यह जरूरी है कि हम अपनी जड़ों को नहीं भूलें. हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है और हमें इसे संरक्षित और बढ़ावा देना चाहिये. चैत्र प्रतिपदा हमें हमारी समृद्ध परंपराओं और मूल्यों की याद दिलाता है. कुलपति ने चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं.

## होम साइंस व दर्शनशास्त्र में आये नये विभागाध्यक्ष

**मुजफ्फरपुर**. बीआरएबीयू में पीजी होम साइंस व पीजी दर्शनशास्त्र विभाग में नये विभागाध्यक्ष के लिए नोटिफिकेशन जारी हुआ है. वर्तमान में दोनों ही विभागों के विभागाध्यक्षों का कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो रहा है. रविवार को जारी नोटिफिकेशन के तहत पीजी होम साइंस विभागाध्यक्ष डॉ संगीता रानी व पीजी दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ सरोज कुमार वर्मा होंगे. नये विभागाध्यक्षों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा. रजिस्ट्रार प्रो संजय ने इसकी अधिसूचना जारी की है.